प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता / सचिव

जिला पेयजल एवं स्वच्छ्ता मिशन, कुशीनगर।

सेवा मे,

अधिशासी निदेशक

राज्य पेयजल एवं स्वच्छ्ता मिशन

उ0प्र0 जल निगम, 6 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।

पत्रांक – 1023 / कार्य-2 / 300 दिनाँक: 07 / 07/2023

विषय– जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नामित संस्था मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड हैदराबाद द्वारा प्रस्तुत 03 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 प्रेषित करने के संबंध मे।

महोदय,

जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन के अन्तगर्त कार्यदायी एजेन्सी मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड हैदराबाद द्वारा 03 नग परियोजनाओं की डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष प्रस्तुत की गयी। उक्त 03 नग परियोजनाओं की डी0पी0आर0 में प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से अधिक है। उक्त डी0पी0आर0 की विस्तृत रूप से जाँच करने तथा संशोधन करने के उपरान्त भी उक्त डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत को रू0 9000 से कम नहीं किया जा सका है।

योजनाओं के प्राक्कलन की प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से अधिक होने का विवरण एवं कारण निम्नानुसार है–

| क0 सं0 | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | वर्क कॉस्ट (करोड़ में) | कुल लागत (करोड़ में) | डिजाईन वर्ष 2052 की जनसंख्या | प्रति व्यक्ति लागत रू0 में डिजाईन वर्ष 2052 हेतु मानक रू0 7000 के सापेक्ष | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से अधिक होने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ahirauli | Dudahi | 2.10 | 2.37 | 2160 | 9741 | 287 | एकल ग्राम होने के कारण एव आबादी और घरों की संख्या कम होने के कारण योजना मानक अनुरूप नही |
| 2 | Khairtiya | Sewrahi | 1.82 | 2.05 | 1500 | 12132 | 166 | आबादी और घरों की संख्या कम होने के कारण योजना मानक अनुरूप नही |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Bhiura | Kaptanganj | 1.742 | 1.96 | 1300 | 12337 | 145 | एकल ग्राम होने के कारण एव आवादी और घरों की संख्या कम होने के कारण योजना मानक अनुरूप नहीं |

उपरोक्त परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (गोरखपुर क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर द्वारा प्रदान की गई है, तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छ्ता मिशन कुशीनगर द्वारा उपरोक्त समस्त 03 नग डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को जाँच एवं स्वीकृति हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः उक्त 03 नग डी0पी0आर0 एवं निर्धारित 44 कालम सूचना प्रपत्र संलग्न कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक:

1 03 नग डी0पी0आर0।
2 44 कालम सूचना प्रपत्र।

भवदीय

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता /सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता
मिशन,
कुशीनगर

पृ0सं0
प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2 प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 जल निगम 6 राणा प्रताप मार्ग लखनऊ।
3 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम 6 राणा प्रताप मार्ग लखनऊ।
4 जिलाधिकारी कुशीनगर।
5 मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर।
6 प्रोजेक्ट मैनेजर एन0सी0सी0 लिमिटेड हैदराबाद कुशीनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सूचना एवं प्राक्कलन की प्रति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

अधिशासी अभियन्ता /सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता
मिशन,
कुशीनगर

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, कुशीनगर की अध्यक्षता में दिनांक 03.07.2023 को सम्पन्न जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर के ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म एन0सी0सी0 लिमिटेड हैदराबाद द्वारा प्रस्तुत 03 नग डी0पी0आर0 के तकनीकि एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव।

जनपद कुशीनगर के ग्रामीण क्षेत्रो में पाइप पेयजल योजना के निर्माण एवं संचालन/अनुरक्षण (10 वर्ष) हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0 द्वारा अपने पत्रांक सं0–3572/डब्लू–25 (Gorakhpur)//2020–21 दिनांक 07.01.2022 के माध्यम से एन0सी0सी0 लिमिटेड हाउस 5वॉ तल, सर्वे नं0 64 ,मधापुर हैदराबाद को 571 राजस्व ग्राम आवंटित किये गये है।

अतः उक्त के कम में उक्त फर्म द्वारा जनपद कुशीनगर हेतु 03 डी0पी0आर0 जिसकी अनुमानित लागत रू0 638 लाख है। प्रस्तुत किया गया, जिसमे 03 ग्राम पंचायतो के 05 राजस्व ग्रामो का पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करते हुये 598 घरो को एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किया जाना है।

निर्णयः–अधिशासी अभियन्ता/सदस्य–सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कुशीनगर द्वारा 03 ग्राम पंचायतो के 05 राजस्व ग्रामों को पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित करने हेतु प्रस्तुत 03 नग डी0पी0आर0 की तकनीकि एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु संस्तुति सक्षम स्तर से करने हेतु एस0डब्लू0एस0एम0 लखनऊ को प्रेषित करने की सहमति समिति द्वारा व्यक्त की गयी।

संलग्नः–डी0पी0आर0 का विस्तृत विवरण।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता/सदस्य–सचिव<br>उ0प्र0 जल निगम,(ग्रामीण)<br>कुशीनगर | जिला विकास अधिकारी<br>कशीनगर | 03/07/2023<br>जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>कुशीनगर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिला सूचना अधिकारी<br>कुशीनगर | 3/7/23<br>अधिशासी अभियन्ता (सिंचाई)<br>कुशीनगर | जिला कृषि अधिकारी<br>कुशीनगर | अधिशासी अभियन्ता(भू0जल)<br>गोरखपुर |
| मुख्य चिकित्साधिकारी<br>कुशीनगर | प्रभागीय वनाधिकारी<br>कुशीनगर | 03/07/23<br>उपाध्यक्ष डी0डब्लूएस0एम0/<br>मुख्य विकास अधिकारी<br>कुशीनगर | अध्यक्ष डी0डब्लूएस0एम0/<br>जिलाधिकारी,<br>कुशीनगर |

मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी

महोदय,

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत कार्यदायी एजेंसी में0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति हेतु 03 नग परियोजनाओं की प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष प्रस्तुत किये गये, उक्त 03 नग प्राक्कलन जिनकी अनुमानित लागत 637 लाख है, से 03 ग्राम पंचायतो के 05 राजस्व ग्राम आच्छादित होगे, उक्त 03 नग प्राक्कलनो की प्रति व्यक्ति लागत रू0 9000 से अधिक है जो कि निर्धारित मानक के अनुरूप नही है, जिसके क्रम में आख्या निम्नानुसार है–

अहिरौली पेयजल योजना–अहिरौली पेजयल योजना विकास खण्ड दुदही से 01 नग ग्राम पंचायत जिसमें 01 नग राजस्व ग्राम ( अहिरौली ) सम्मिलित है, से कुल 287 नग गृह सयोजन अच्छादित किये जाने है। उक्त ग्राम पंचायत में कुल आबादी वर्तमान में 1500 नग है। उक्त योजना पर 01 नग 25 कि0ली0 के शिरोपरि जलाशय का निर्माण, 01 नग पम्प हाउस का निर्माण एवं कुल 8214 मीटर का पाइपलाइन बिछाए जाने हेतु प्रस्तावित है,वर्तमान में पेयजल योजना की कुल अनुमानित लागत 237 लाख रू0 है, उक्त योजना को सोलर संयोजन के स्थान पर विद्युत संयोजन से करने हेतु प्रस्तावित है। वर्तमान में पेयजल योजना की मानक अनुरूप लाने हेतु किये बदलाव निम्नानुसार हैं–

| क्रमसंख्या | योजना का नाम | अनुमानित लागत / संशोधित लागत (लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अहिरौली पेयजल योजना | 298 लाख | 12264 | सोलर के स्थान पर विद्युत संयोजन का प्रावधान |
| | | 237 लाख | 9741 | पाइपलाइन की खुदाई एवं सड़क पुनर्स्थापन की मात्रा न्युनतम की गई |

**खैरतिया पेयजल योजना**–खैरतिया पेजयल योजना विकास खण्ड सेवरही से 01 नग ग्राम पंचायत जिसमें 03नग राजस्व ग्राम ( मुकुन्दछपरा, जलाल छपरा, जलाल छपरा अहतमाली ) सम्मिलित है, से कुल 166 नग गृह सयोजन अच्छादित किये जाने है। उक्त ग्राम पंचायत में कुल आबादी वर्तमान में 950 नग है। उक्त योजना पर 01 नग 25 कि0ली0 के शिरोपरि जलाशय का निर्माण, 01 नग पम्पहाउस का निर्माण एवं कुल 5807 मीटर का पाइपलाइन बिछाए जाने हेतु प्रस्तावित है, वर्तमान में पेयजल योजना की कुल अनुमानित लागत 205 लाख रू0 है, उक्त योजना को सोलर संयोजन के स्थान पर विद्युत संयोजन से करने हेतु प्रस्तावित है। वर्तमान में पेयजल योजना की मानक अनुरूप लाने हेतु किये बदलाव निम्नानुसार हैं–

| क्रमसंख्या | योजना का नाम | अनुमानित लागत / संशोधित लागत (लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खैरतिया पेयजल योजना | 298 लाख | 17273 | सोलर पर अधारित |
| | | 240 लाख | 14222 | सोलर के स्थान पर विद्युत संयोजन का प्रावधान |
| | | 205 लाख | 12132 | पाइपलाइन की खुदाई एवं सड़क पुनर्स्थापन की मात्रा न्युनतम की गई |

**भिउरा पेयजल योजना**– भिउरा पेजयल योजना विकास खण्ड कप्तानगंज से 01 नग ग्रामपंचायत जिसमें 01 नग राजस्व ग्राम (भिउरा) सम्मिलित है, से कुल 145 नग गृह सयोजन

अच्छादित किये जाने है। उक्त ग्राम पंचायत में कुल आबादी वर्तमान में 840 नग है। उक्त योजना पर 01 नग 25 कि0ली0 के शिरोपरि जलाशय का निर्माण, 01 नग पम्पहाउस का निर्माण एवं कुल 3756 मीटर का पाइपलाइन बिछाए जाने हेतु प्रस्तावित है, वर्तमान में पेयजल योजना की कुल अनुमानित लागत 196 लाख रू0 है, उक्त योजना को सोलर संयोजन के स्थान पर विद्युत संयोजन से करने हेतु प्रस्तावित है। वर्तमान में पेयजल योजना की मानक अनुरूप लाने हेतु किये बदलाव निम्नानुसार हैं–

| क्रमसंख्या | योजना का नाम | अनुमानित लागत / संशोधित लागत (लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भिउरापेयजल योजना | 203.7लाख | 13929 | सोलर के स्थान पर विद्युत संयोजन का प्रावधान |
| | | 196लाख | 12337 | पाइपलाइन की खुदाई एवं सड़क पुनर्स्थापन की मात्रा न्युनतम की गई |

उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट है, कि योजना में सोलर संयोजन के स्थान पर विद्युत संयोजन, वितरण प्रणाली बिछाने हेतु की गई खुदाई एवं सड़क पुर्नस्थापन की मात्रा न्यूनतम् करने के उपरांत भी परियोजनाओं की प्रति व्यक्ति लागत 9000 से कम नही लाई जा सकी है। मत्रा न्युनतम करने के उपरान्त भी उपरोक्त ग्रामो कि अबादी कम होने के करण योजना कि प्रति व्यक्ति लागत 9000 से अधिक है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त को संज्ञान में लेकर समस्त 03 नग प्राक्कलनओं को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से स्वीकृती हेतु अनुमोदन प्रदान करने कि कृपा करें।

महोदय,
पत्रावली का परीक्षण किया गया। उक्त 3 परियोजनाओं मे सोलर संयोजन के स्थान पर विद्युत संयोजन प्रस्तावित किया गया है। GM (JN) की आख्यानुसार प्रस्तावित प्रति व्यक्ति लागत न्यूनतम है। कृ. अनुमोदन प्रदान करना चाहें।
03/07/2023
मुख्य विकास अधिकारी, कर्णप्रयाग

28/6/23

6/7/23

अधिशासी अभियन्ता

| Sl. No. | Agency | District | Block | Phase 2 / Phase 3 | Type of Scheme ( New Scheme / Reorganisation ) | DWSM Approval Date | DWSM Approval Letter No. | Name of Scheme | Total No. of GP | Name of GP | Total No. of Rev. Vill. | Name of Rev. Village | Total No. of Habitations | Name of Habitations | No. of FHTC | Population Details: Base Yr. 2022/23 | Population Details: Middle Yr. 2037/38 | Population Details: Design Yr. 2052/53 | Population Details: Increase (%) | FHTC Population Ratio | Work Cost (Included contingency & GST)(Rs. in Cr.) | Cenetge (Rs. in Cr.) | Estimated Cost (Rs. in Cr.) | Per Capita cost: Base Year (in Rs.) | Per Capita cost: Design Year (in Rs.) | OHT (Nos.) | OHT Capacity (K.L.) | OHSR Cost (in Cr.) | OHSR Staging (m) | T.W. (No) | Cost of T.W. (in Cr.) | Pumping Plant (LPM) | Rising Main (M) | Rising Main Cost(in Cr.) | Distribution System (M) | Total Cost of D.S. (in Cr.) | Cost of Road Cutting: Cost (in Cr.) | Cost of Road Cutting: Percentage of distribution cost | Solar / Power Capacity (KW) | Cost of Solar / Power Capacity (Cr.) | Electrification Cost ( Other then Solar/ | Chlorination Cost/Disinfection Cost( Cr.) | Other Cost ( Cr.) | Type of Scheme Solar / Electricity |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 | 43 | 44 | 45 |
| 1 | NCC Limited | Kushinagar | Dudahi | Phase 2 | New Scheme | | | Ahirauli | 1 | Ahirauli | 1 | Ahirauli | 3 | Baluaathva,Aahraoli Khas,Harijan Tola | 287 | 1430 | 1800 | 2160 | 51.05% | 4.983 | 2.10 | 0.26 | 2.37 | 14713 | 9741 | 1 | 25 | 0.172 | 14 | 1 | 0.131 | 130 | 35 | 0.008 | 8214 | 0.793 | 0.282 | 36% | 0 | 0.006 | 0.483 | 0.117 | 0.394 | Electricity |
| 2 | NCC Limited | Kushinagar | Sewrahi | Phase 2 | New Scheme | | | Khairtiya | 1 | Khairtiya | 3 | Mukund Chhaperjalal Chhaprajalal Chhapra Ahatmali | 3 | Mukund Chhaperjalal Chhaprajalal Chhapra Ahatmali | 166 | 950 | 1220 | 1500 | 57.89% | 5.723 | 1.82 | 0.23 | 2.05 | 19156 | 12132 | 1 | 25 | 0.157 | 12 | 1 | 0.131 | 90 | 35 | 0.008 | 5807 | 0.605 | 0.258 | 43% | 0 | 0.006 | 0.115 | 0.113 | 0.685 | Electricity |
| 3 | NCC Limited | Kushinagar | Kaptanganj | Phase-3 | New Scheme | | | Bhiura | 1 | Bhiura | 1 | Bhiura | 1 | Bhiura | 145 | 840 | 1040 | 1300 | 54.76% | 5.793 | 1.7420 | 0.2177 | 1.96 | 19093 | 12337 | 1 | 25 | 0.167 | 12 | 1 | 0.159 | 80 | 35 | 0.008 | 3756 | 0.518 | 0.085 | 16% | 0 | 0.006 | 0.115 | 0.123 | 0.647 | Electricity |

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त योजनाओं के डी0पी0आर0 में सम्मिलित राजस्व ग्रामों का भलिभाँति परीक्षण कर लिया गया है। उक्त योजनाओं में सम्मिलित ग्राम किसी अन्य योजना में सम्मिलित नही है एवं उक्त योजनायें जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के द्वारा स्वीकृत हो चुकी है तथा इन ग्रामो से सम्बन्धित योजनाओ की स्वीकृति पूर्व में एस0एल0एल0एस0एस0सी0 द्वारा नही हुई है।

NCC Limited

SWSM-Kushinagar U.P.
NCC Limited
Kushinagar

EXECUTIVE ENGINEER
Secratery Member
DWSM

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
कुशीनगर